Kumari Selja
Member of Parliament (Lok Sabha)
Sirsa, Haryana
Former Union Cabinet Minister

सत्यमेव जयते

Member : Committee on Estimates
Member : Parliamentary Standing Committee on Transport, Tourism and Culture
Member : Consultative Committee for the Ministry of Finance

D.O. No. 236 KS/MP/SRS/2025

21 दिसंबर, 2025

प्रिय श्री नितिन गडकरी जी,

मैं आपका ध्यान सिरसा (हरियाणा) ऐलनाबाद-रावतसर (राजस्थान) मार्ग को चार लेन राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित कर भारतमाला परियोजना में सम्मिलित किए जाने के संबंध में आकर्षित करना चाहती हूं। हरियाणा राज्य के सिरसा जिले से होते हुए राजस्थान के रावतसर तक जाने वाला वर्तमान राज्य मार्ग दोनों राज्यों की आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मार्ग न केवल सिरसा, ऐलनाबाद और रावतसर को जोड़ता है, बल्कि हरियाणा, राजस्थान तथा पश्चिम भारत के बंदरगाह क्षेत्रों (विशेषतः गुजरात) के बीच एक वैकल्पिक व सुगम संपर्क प्रदान करता है।

इस क्षेत्र की जनता, कृषक समुदाय एवं व्यापारिक वर्ग की यह लंबे समय से मांग रही है कि इस मार्ग को उन्नत कर चार लेन राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में विकसित किया जाए। इससे क्षेत्रीय यातायात में सुविधा, परिवहन लागत में कमी, कृषि उत्पादों के परिवहन में तेजी तथा व्यापार एवं औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही यह परियोजना भारतमाला कार्यक्रम के उद्देश्यों कनेक्टिविटी सुदृढ़ीकरण, लॉजिस्टिक दक्षता एवं रोजगार सृजन को भी साकार करेगी।

अतः मेरा आपसे अनुरोध है कि सिरसा–ऐलनाबाद–रावतसर मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करते हुए इसे भारतमाला परियोजना अथवा अन्य उपयुक्त केंद्रीय योजना में सम्मिलित करने तथा इसके लिए व्यवहार्यता अध्ययन एवं डीपीआर तैयार कराए जाने के निर्देश प्रदान करने की कृपा करें।

सादर,

भवदीया,

सैलजा

(कुमारी सैलजा)

श्री नितिन गडकरी,
माननीय केंद्रीय मंत्री,
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय,
भारत सरकार
2, मोती लाल नेहरू मार्ग,
नई दिल्ली।